सफलता — लुधियाना में इंडियन बॉडी बिल्डर्स फेडरेशन द्वारा आयोजित 15वीं फेडरेशन कप में किया शानदार प्रदर्शन

# बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में चमके इजमामुल हक

**नवभारत, जबलपुर।** मुख्यालय मध्य भारत एरिया के तत्वावधान में जम्मू एंड कश्मीर राइफल्स रेजिमेंटल सेंटर जबलपुर के नायक इजमामुल हक ने लुधियाना में इंडियन बॉडी बिल्डर्स फेडरेशन द्वारा आयोजित 15वीं फेडरेशन कप पुरुष बॉडीबिल्डिंग प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया। देशभर के शीर्ष बॉडीबिल्डर्स के बीच कड़े मुकाबले में उन्होंने 85 किलोग्राम बॉडीबिल्डिंग वर्ग में पाँचवाँ स्थान प्राप्त कर भारतीय सेना का गौरव बढ़ाया। यह उपलब्धि मुख्यालय मध्य भारत एरिया द्वारा खेलों, शारीरिक दक्षता तथा उत्कृष्टता की संस्कृति को निरंतर बढ़ावा दिए जाने का प्रमाण है। नायक इजमामुल हक की सफलता सेना के उन मूल्यों को दिखाती है जो अनुशासन, समर्पण, कड़ी मेहनत और बेहतरीन प्रदर्शन पर आधारित हैं।



### पूर्व प्रतियोगिताओं में भी रहा है शानदार प्रदर्शन

नायक इजमामुल हक की पहले भी कई बड़ी उपलब्धियाँ रही हैं। उन्होंने आईबीबीएफ राष्ट्रीय बॉडीबिल्डिंग चैम्पियनशिप गोवा 2025 में 85 किलोग्राम वर्ग में पहला स्थान हासिल किया था। इसके अलावा उन्होंने 53वीं मिस्टर राजस्थान प्रतियोगिता 2026 में 80 किलोग्राम वर्ग में दूसरा स्थान पाया था। वह सेंट्रल ट्रेनिंग रेजिमेंट कमांड चैम्पियनशिप में भी साल 2019, 2020 एवं 2022 में 85 किलोग्राम वर्ग में पहले स्थान पर रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने वर्ष 2020 एवं 2022 में राष्ट्रीय स्तर पर भारतीय सेना की बॉडीबिल्डिंग टीम का प्रतिनिधित्व भी किया था। मुख्यालय मध्य भारत एरिया नायक इजमामुल हक को इस बड़ी सफलता पर बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य और आगे की प्रतियोगिताओं में सफलता की कामना की है।

## गैस कनेक्शन होने के बावजूद लकड़ी के चूल्हे पर बन रहा मिड डे मील

**अनूपपुर, नवभारत 4 जुलाई।** नगर परिषद बरगवां-अमलाई के वार्ड क्रमांक 1 स्थित शासकीय हाई स्कूल में मध्याह्न भोजन (मिड डे मील) तैयार करने वाली स्व सहायता समूह की महिलाएं आज भी धुएं से भरे माहौल में लकड़ी के चूल्हों पर भोजन बनाने को मजबूर हैं। विद्यालय में गैस कनेक्शन उपलब्ध होने के बावजूद नियमित रूप से गैस सिलेंडर उपलब्ध नहीं कराए जाने के कारण महिलाओं को ईंटों से बने अस्थायी चूल्हों का सहारा लेना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार विद्यालय में पिछले कई वर्षों से एक ही स्व सहायता समूह मध्याह्न भोजन योजना का संचालन कर रहा है। प्रतिदिन बड़ी संख्या में विद्यार्थियों के लिए भोजन तैयार किया जाता है, लेकिन गैस सिलेंडर की नियमित व्यवस्था नहीं होने से भोजन लकड़ी के चूल्हों पर पकाया जा रहा है। इससे रसोई में धुआं भर जाता है और भोजन तैयार करने वाली महिलाओं को घंटों तक उसी वातावरण में कार्य करना पड़ता है। धुएं के कारण समूह की महिलाओं को आंखों में जलन, लगातार खांसी और सांस लेने में तकलीफ जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, समूह में कार्यरत अधिकांश महिलाएं बुजुर्ग हैं, जिनके स्वास्थ्य पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।



# 14 खिलाड़ियों ने कराटे प्रतियोगिता में जीते स्वर्ण पदक

**नवभारत, जबलपुर।** पंडित रविशंकर शुक्ल स्टेडियम राइट टाउन में 14वीं के. टी. सी. कप राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में आयुष्मान भूमरकर, आयुषी भूमरकर, सार्थक कमल, संस्कृति चौधरी, लाविन कोल, हितिक कोल, शाश्वत सोनी, पूर्वी साहू, गगन चौधरी, दीपसी जोड़कर, जागृति जोड़कर, जानवी जोड़कर, मान्यता कमल और समीक्षा यादव ने कोच सुरेश कुमार की सहभागिता में स्वर्ण पदक जीते। इस शानदार प्रदर्शन के बाद ग्राम घाना चकरघट्टा रोड अवर लेडी चर्च मातृ छाया भवन के इन सभी 14 विजेता खिलाड़ियों को फादर जेम्स डिसूजा ने सम्मानित किया और बहुत-बहुत बधाई दी। चर्च के चीफ सिक्योरिटी सीवियर फर्नांडो और रिक्की के नेतृत्व में सभी बच्चे सफलतापूर्वक जीते।

# पहली बारिश में खुली बड़े-बड़े दावों की पोल

**नवभारत, मंडला/घुघरी।** जनपद पंचायत घुघरी के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत तबलपानी में विगत दिवस हुई झमाझम बारिश ने पंचायत प्रशासन के विकास के बड़े-बड़े दावों की पोल खोल कर रख दी है। मानसून की पहली ही तेज बारिश में यहाँ का ड्रेनेज सिस्टम और साफ-सफाई की व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त नजर आई। इस बदइंतजामी के कारण स्थानीय ग्रामीणों और मरीजों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

ग्राम पंचायत की घोर लापरवाही का आलम यह रहा कि क्षेत्र के शासकीय भवनों को भी इस जलभराव से बचाया नहीं जा सका। आंगनवाड़ी भवन के साथ-साथ उप-स्वास्थ्य केंद्र (आरोग्य केंद्र) के भीतर भी भारी मात्रा में बारिश का गंदा पानी घुस गया। आंगनवाड़ी में पानी भरने से वहाँ रखे आवश्यक सामान और महत्वपूर्ण शासकीय दस्तावेजों के खराब होने का खतरा मंडराने लगा है। आरोग्य केंद्र के भीतर पानी घुसने से मरीजों के उपचार और जीवनरक्षक दवाइयों के रख-रखाव में भारी अव्यवस्था फैल गई।



### प्रशासन से त्वरित कार्रवाई की गुहार

क्षेत्रीय जनता ने जनपद प्रशासन और वरिष्ठ अधिकारियों से पुरजोर मांग की है कि इस मामले को गंभीरता से लिया जाए। भविष्य में होने वाली भारी बारिश और उससे होने वाले संभावित नुकसान से बचने के लिए तत्काल अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाए और तबलपानी में युद्धस्तर पर नालियों का निर्माण कार्य शुरू कराया जाए।

# ट्रक से डीजल चोरी करने वाला फरार आरोपी गिरफ्तार

**छिंदवाड़ा के ट्रक ड्राइवर की शिकायत पर नैनपुर पुलिस का एक्शन, डीजल चोरी मामले का दूसरा आरोपी भी पहुंचा जेल**

**नैनपुर।** पुलिस अधीक्षक मंडला राजेश रघुवंशी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिव कुमार वर्मा एवं एसडीओपी नैनपुर मनीष राज के मार्गदर्शन में नैनपुर थाना पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने ट्रक से डीजल चोरी करने के मामले में काफी समय से फरार चल रहे दूसरे आरोपी को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया है। आरोपी के कब्जे से चोरी का डीजल भी बरामद किया गया है।



जानकारी अनुसार छिंदवाड़ा जिले के थाना मोहखेड़ के अंतर्गत ग्राम उमरानाला निवासी शिकायतकर्ता शेख शरीफ कुरैशी पिता शेख मोहम्मद कुरैशी विगत 21 जून की रात को गेहूं से लदा ट्रक क्रमांक एमएच-40-9586 लेकर नैनपुर आए थे। उन्होंने निवारी क्षेत्र में अपना ट्रक खड़ा किया और विश्राम करने चले गए। अगले दिन सुबह जब उन्होंने जांच की, तो ट्रक की टंकी से करीब 150 लीटर डीजल गायब था। अज्ञात चोरों द्वारा डीजल चोरी किए जाने की इस घटना की रिपोर्ट 26 जून को थाना नैनपुर में दर्ज कराई गई थी, जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिरों का जाल बिछाया।

पुलिस इस मामले के एक आरोपी को पहले ही गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर चुकी है, जो वर्तमान में जेल में है। वहीं, घटना में शामिल दूसरे फरार आरोपी की पुलिस लगातार तलाश कर रही थी। बताया गया कि 3 जुलाई को मुखबिर से सटीक सूचना मिलने पर नैनपुर पुलिस टीम ने दबिश देकर आरोपी अखिलेश राजपूत 33 वर्ष, पिता गंगा सिंह राजपूत, निवासी ग्राम सालीवाड़ा, थाना नैनपुर को धर दबोचा।

**जनसमस्याओं को लेकर नरेंद्र सिंह का आमरण अनशन शुरू, कलेक्ट्रेट मार्ग पर मौन व्रत धारण कर बैठे**

# सीवर लाइन से बदहाल सड़कों पर आर-पार की लड़ाई

**मंडला।** नगर में सीवर लाइन निर्माण के बाद सड़कों की बदहाल स्थिति और विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर समाजसेवियों का आक्रोश गहराता जा रहा है। इसी कड़ी में 1 जुलाई से कलेक्ट्रेट मार्ग पर धरने पर बैठे समाजसेवी नरेंद्र सिंह परिहार ने प्रशासन द्वारा मांगें पूरी न किए जाने पर शनिवार 4 जुलाई से अपना आमरण अनशन शुरू कर दिया है। अनशन के पहले दिन परिहार कलेक्ट्रेट मार्ग पर पूर्ण रूप से मौन धारण कर डटे रहे। इस आंदोलन को नगर के विभिन्न समाजसेवियों और नागरिकों का व्यापक समर्थन मिल रहा है।



**अनशन के बीच देहदान का लिया फैसला :** आंदोलन के बीच समाजसेवी नरेंद्र सिंह परिहार ने एक अत्यंत भावुक और बड़ा कदम उठाया है। उन्होंने अनशन के दौरान अपनी मृत्यु की स्थिति में पारंपरिक अंतिम संस्कार के बजाय अपना शरीर मेडिकल कॉलेज को दान करने की इच्छा जताई है। इस संबंध में उन्होंने सीएमएचओ को एक औपचारिक आवेदन भी सौंप दिया है।

**सीवर लाइन निर्माण में लापरवाही का आरोप :** आंदोलन का समर्थन कर रहे प्रबुद्ध नागरिकों और समाजसेवियों का आरोप है कि नगर में सीवर लाइन निर्माण के दौरान गुणवत्ता मानकों का बिल्कुल ध्यान नहीं रखा गया। निर्माण एजेंसी की घोर लापरवाही के कारण शहर की प्रमुख सड़कें पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं, जिससे नगरवासियों को लंबे समय से आवागमन में भारी दिक्कतों और हादसों का सामना करना पड़ रहा है।

**प्रशासन का लिखित आश्वासन खारिज, वार्ता विफल:** बताया गया कि इससे पूर्व नायब तहसीलदार सहित प्रशासनिक अधिकारियों ने धरना स्थल पर पहुंचकर नरेंद्र सिंह परिहार से मुलाकात की थी और उनकी मांगों पर चर्चा की थी। प्रशासन ने बारिश के मौसम का हवाला देते हुए सड़कों के सुधार कार्य के संबंध में एक लिखित आश्वासन भी दिया था।

## 2.050 किलो गांजा सहित स्कूटी जब्त, 1 गिरफ्तार

**अनूपपुर, नवभारत।** कोतमा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 2.050 किलोग्राम गांजा के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से गांजा और तस्करी में प्रयुक्त स्कूटी जब्त की है। पुलिस के अनुसार 3 जुलाई की रात कोतमा हाईवे पर संदिग्ध वाहनों की सघन जांच की जा रही थी। इसी दौरान बुढ़ानपुर की ओर से आ रही स्कूटी क्रमांक एमपी 65 जेडबी 5023 का चालक पुलिस चेकिंग देखकर वाहन मोड़कर भागने लगा। पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। पूछताछ में चालक ने अपना नाम अनिल सोनी पिता गौरीशंकर सोनी निवासी पुरानी बस्ती कोतमा बताया। संदेह होने पर स्कूटी की तलाशी ली गई।

# नासिक से दबोचा फायरिंग का मुख्य आरोपी

**अनूपपुर, नवभारत 4 जुलाई।** रामपुर बटुरा ओपन कोल माइंस क्षेत्र में संचालित जय अम्बे प्राइवेट लिमिटेड के कार्यालय में देशी कट्टे से फायर कर कर्मचारियों की हत्या का प्रयास करने वाले मुख्य आरोपी श्रीराम विश्वकर्मा को कोतवाली अनूपपुर पुलिस ने महाराष्ट्र के नासिक से गिरफ्तार कर लिया है।

आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त देशी कट्टा भी बरामद किया गया है। आरोपी पर पूर्व से 31 आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं, जिससे उसका लंबा आपराधिक इतिहास सामने आया है। पुलिस अधीक्षक विक्रांत मुराब के निर्देशन में थाना प्रभारी अरविन्द जैन के नेतृत्व में गठित टीम ने यह महत्वपूर्ण सफलता हासिल की।



### कार्यालय में घुसकर की थी फायरिंग

पुलिस के अनुसार 7 जून को दोपहर लगभग 3 बजे जय अम्बे इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड के ग्राम खांडा स्थित कार्यालय में टाइमकीपर अमन सिंह क्षत्रीय सहित अन्य कर्मचारी कार्य कर रहे थे। तभी श्रीराम विश्वकर्मा अपने दो साथियों पप्पू विश्वकर्मा और मिथलेश चर्मकार के साथ कार्यालय में घुस आया। विवाद बढ़ने पर श्रीराम विश्वकर्मा ने कमर से देशी कट्टा निकालकर कर्मचारियों पर जान से मारने की नीयत से फायर कर दिया।

# खेत में काम कर रही महिला को सांप ने डसा

**नारायणगंज।** क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश के बीच खेतों और झाड़ियों में विषैले जीव-जंतुओं का प्रकोप तेजी से बढ़ने लगा है। इसी क्रम में जनपद पंचायत नारायणगंज के अंतर्गत आने वाले पोषक ग्राम बीजेगांव पाठा में एक सर्प ने बुजुर्ग महिला को डस लिया। बताया गया कि खेत में काम कर रही एक 66 वर्षीय बुजुर्ग महिला को जहरीले सांप ने डस लिया। महिला की सजगता और समय पर मिले इलाज के कारण फिलहाल उनकी जान सुरक्षित है।

जानकारी अनुसार शनिवार सुबह लगभग 10 बजे ग्राम बीजेगांव निवासी समलो बाई कुशराम 66 वर्ष, पति बुद्धुलाल कुशराम अपने खेत में कचरा साफ कर रही थीं। इसी दौरान झाड़ियों में छिपे एक विषैले सर्प ने अचानक उनके पैर पर डस लिया। घटना के समय खेत में कोई और मौजूद नहीं था। ऐसी स्थिति में भी बुजुर्ग महिला ने घबराने के बजाय अदम्य साहस का परिचय दिया। उन्होंने अपने हाथ में मौजूद हंसिए से सर्प को खुद से अलग किया और किसी तरह पास स्थित मकान तक पहुंचकर परिजनों को इसकी जानकारी दी।



**अस्पताल में उपचार जारी, हालत स्थिर :** परिजनों ने बिना कोई समय गंवाए तत्काल महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नारायणगंज में भर्ती कराया। अस्पताल के चिकित्सकों द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए महिला का प्राथमिक उपचार और एंटी-स्नेक वेनम दिया गया। बताया गया कि सही समय पर इलाज मिलने की वजह से महिला की स्थिति अब सामान्य और स्थिर बनी हुई है।

**स्वास्थ्य विभाग की अपील :** बारिश के मौसम में खेतों, झाड़ियों और जलभराव वाले क्षेत्रों में सांपों का निकलना आम बात है। स्वास्थ्य विभाग ने सभी किसानों और ग्रामीणों से अपील की है कि वे खेतों में काम करते समय पैरों में गमबूट और हाथों में सुरक्षा उपाय अपनाएं। इसके साथ ही सर्पदंश की स्थिति में झाड़-फूंक के अंधविश्वास में समय गंवाने के बजाय मरीज को तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र लेकर आएं।

# स्कूलों और सरकारी दफ्तरों में सिखाए साइबर सुरक्षा के गुर

**मंडला।** पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार एवं पुलिस अधीक्षक मंडला राजेश रघुवंशी के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिव कुमार वर्मा के मार्गदर्शन में जिले भर में सेफ क्लिक 2.0 अभियान के अंतर्गत व्यापक साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसके तहत पुलिस टीमों ने विभिन्न विद्यालयों, शासकीय कार्यालयों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर आमजन और छात्र-छात्राओं को ऑनलाइन ठगी से बचने के उपाय बताए।

अभियान के तहत चौकी हिरदेनगर के अंतर्गत आने वाले जवाहर नवोदय विद्यालय, पदमी में एक विशेष सत्र का आयोजन किया गया। एसडीओपी मंडला पीयूष मिश्रा के मार्गदर्शन में सूबेदार योगेश राजपूत एवं चौकी प्रभारी उप निरीक्षक हरछठ ठाकुर द्वारा 200 से अधिक विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं स्टाफ को साइबर अपराधों की बारिकियों से अवगत कराया गया। टीम ने विशेष रूप से यूपीआई, ओटीपी, क्यूआर कोड फ्रॉड, डिजिटल अरेस्ट, साइबर हेल्पलाइन 1930 एवं एनसीआरपी पोर्टल की कार्यप्रणाली की जानकारी दी। जिले के शहरी और ग्रामीण इलाकों में जागरूकता फैलाने के लिए सभी प्रमुख थानों और चौकियों ने सक्रिय भूमिका निभाई। जिसमें थाना कोतवाली से प्रभारी निरीक्षक शफीक खान के नेतृत्व में कार्रवाई। थाना महाराजपुर से प्रभारी निरीक्षक डॉ. जयसिंह यादव द्वारा जागरूकता सत्र। थाना मोहगांव से प्रभारी निरीक्षक वेदराम हनोते के मार्गदर्शन में कार्यक्रम।



आरोप — ग्रेवल सड़क के पुराने पाइपों का ही कर दिया नवीनीकरण, बिना बेस तैयार किए 9 लाख हड़पने का आरोप

# सिघनपुरी से शाहा सड़क निर्माण में लापरवाही, पुलिया में अभी से आईं दरारें

**नवभारत, बबलिया।** जनपद पंचायत नारायणगंज के अंतर्गत ग्राम पंचायत शाहा में विकास कार्यों के नाम पर सरकारी राशि के दुरुपयोग और घटिया निर्माण का बड़ा मामला सामने आया है। सिघनपुरी से शाहा के बीच वर्ष 2023-24 में बनाई गई ग्रेवल सड़क और हाल ही में स्वीकृत पुलिया निर्माण में तकनीकी मापदंडों को ताक पर रख दिया गया है, जिसके चलते नवनिर्मित संरचना में जगह-जगह दरारें आ गई हैं।



**पुराने पाइपों का ही कर दिया इस्तेमाल, नहीं डाला बेस :** ग्रामीणों का आरोप है कि पूर्व में ग्राम पंचायत द्वारा बनाई गई ग्रेवल सड़क के दौरान जो पाइप डाले गए थे, ठेकेदार और संबंधित एजेंसी ने नई पुलिया की स्वीकृति मिलने के बाद भी उन्हीं पुराने छोटे पाइपों का दोबारा उपयोग कर लिया। लगभग 9 लाख रुपये की लागत से स्वीकृत इस पुलिया निर्माण में एस्टीमेट के नियमों की जमकर धज्जियां उड़ाई गई हैं। बिना मजबूत बेस डाले ही पुलिया खड़ी कर दी गई और इसकी लंबाई व चौड़ाई का भी ध्यान नहीं रखा गया।

**लाखों की राशि आहरण पर उठे सवाल** -क्षेत्रीय जनता का कहना है कि बिना किसी गुणवत्ता और मापदंड के काम को आनन-फानन में पूरा दिखाकर लगभग 9 लाख की राशि का आहरण भी कर लिया गया है। इस भ्रष्टाचार और घटिया निर्माण को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। ग्रामीणों ने इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कार्रवाई के लिए मोर्चा खोल दिया है।

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण सूचित किया जाता है कि, मैं RAKESH SAHU S/o Dalchand Sahu निवासी-म.नं. 114, रानीताल चौक, गेट नं.1, जबलपुर (म.प्र.) की होकर शपथपूर्वक कथन करता हूँ कि, पूर्व में मेरा नाम Rakesh Kumar Sahu था। अब मैंने अपना नाम RAKESH SAHU आधारकार्ड, पेन कार्ड, बैंक पासबुक इत्यादि दस्तावेजों में करा लिया है। अब मैं अपने पासपोर्ट का नवीनीकरण भी अपने नये नाम से RAKESH SAHU के नाम से कराना चाहता हूँ। अब मुझे मेरे नये नाम RAKESH SAHU के नाम से जाना, पहचाना एवं पढ़ा-लिखा जाये।

नया नाम
RAKESH SAHU
पुराना नाम
RAKESH KUMAR SAHU